**मुख्य विकास अधिकारी महोदय, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में दिनांक 28.06.2024 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त**

पत्रांक– 1463 / M-08 / 63 दिनांक 05/07/2024

जिलाधिकारी महोदय फर्रूखाबाद द्वारा विगत बैठक में दिये निर्देशो के क्रम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जारी दिशा–निर्देशो के अनुसार कार्यो को सम्पन्न कराने हेतु दिनांक 28.06.2024 को समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत् है–

1. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
2. जिला पंचायतराज अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
3. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद। (सदस्य सचिव)
4. श्री संजीव सिंह मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्र0लि0। (टी0पी0आई0)
5. श्री हिमान्शू राठौर मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0। (डी0पी0एम0यू0)
6. श्री अशोक कुमार शर्मा मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
7. श्री शिव त्रिपाठी मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 07.06.2024 को कार्यदायी संस्थाओं को दिये गये निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की गई जिसके अन्तर्गत कार्यदायी फर्मो को निम्न निर्देश दिये:–

1– दिनांक 07.06.2024 को जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी संस्थाओं को 15 दिवस के अन्दर सड़को को रिस्टेटमेन्ट को पूर्ण कर सूची उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था किन्तु वर्तमान तक एजेन्सी द्वारा सूची उपलब्ध नही कराई गई है जिससे कि सत्यापन नही कराया जा सका। जोकि उच्चाधिकारियों के द्वारा दिये गये निर्देशों की अवेहलना है। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को ग्रामों की सूची तुरन्त से उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया तथा भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति होने की दशा में कठोर कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई। उच्च जलाशय की समीक्षा करने पर पाया गया कि प्रगति काफी धीमी है जिस पर मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि श्री अशोक कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि 30 नग उच्च जलाशय का कार्य पूर्ण कर उच्च जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है तथा मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 के प्रतिनिधि श्री शिव त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि 28 नग उच्च जलाशय पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

2– जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में विगत समीक्षा बैठक में मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0 हैदराबाद के प्रतिनिधि द्वारा 95 नग योजनान्तर्गत (लगभग 50000 नग गृह जल संयोजन) पेयजल आपूर्ति की जा रही है, से अवगत कराया गया था जिसकी सूची जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था किन्तु वर्तमान तक सूची उपलब्ध नही कराई गई है जोकि अत्यन्त खेदजनक है जिसके कारण पेयजल आपूर्ति का सत्यापन नही कराया जा सका। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को ग्रामों की सूची उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया ताकि पेयजल आपूर्ति हो रही है अथवा नही का सत्यापन जिला पंचायतराज अधिकारी फर्रूखाबाद के माध्यम से कराया जा सके।

3– दिनांक 07.06.2024 को जिलाधिकारी महोदय की बैठक में काटी गई सड़को को रिस्टेटमेन्ट 15 दिवस के अन्दर करने हेतु निर्देशित किया गया था यदि एजेन्सी द्वारा समय सीमा में रिस्टेटमेन्ट कार्य नही किया गया तो कठोर/कानूनी कार्यवाही करने हेतु कहा गया था किन्तु वर्तमान तक भी टूटी हुई रोड की शिकायते प्राप्त हो रही है, जोकि अत्यन्त खेद जनक है। अतः अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को जिलाधिकारी महोदय की आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व शत्–प्रतिशत रिस्टेटमेन्ट कार्य पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।

4– जिलाधिकारी महोदय की बैठक में पेयजल योजनाओं के द्वारा क्लोरीन युक्त पेयजल आपूर्ति कराने हेतु निर्देशित किया गया था। एजेन्सी से जलापूर्ति की प्रगति पूछने पर मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि श्री अशोक कुमार शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 108 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है तथा मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 के प्रतिनिधि श्री शिव त्रिपाठी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 43 नग पेयजल योजनाओं से जलापूर्ति की जा रही है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं पर जलापूर्ति नियमित रूप से कराई जाये तथा कुछ ग्रामीणों द्वारा गन्दे पानी आने की शिकायत की गई है जिसे प्राथमिकता से सही कराया जाये, साथ ही अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को शत्–प्रतिशत क्लोरीन युक्त पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

5– जिलाधिकारी महोदय की विगत बैठक में अधिशासी अभियन्ता को पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओं का विवरण उपलब्ध कराने हेतु कहा गया था। इसके अनुपालन में अधिशासी अभियन्ता द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी को पूर्व निर्मित योजनाओं का विवरण उपलब्ध करा दिया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा जिला पंचायतराज अधिकारी को पूर्व निर्मित योजनाओं से पेयजल आपूर्ति हो रही है या नही का सत्यापन कराने हेतु निर्देशित किया।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

6– जिलाधिकारी महोदय द्वारा दिनांक 07.06.2024 की समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन फेज–02 व फेज–03 की
निर्माणकारी एजेन्सी को पेयजल योजनाओं को पूर्ण करने हेतु सप्ताहिक एवं माह वार कम्पलीशन प्लान उपलब्ध कराने हेतु
निर्देशित किया गया था किन्तु वर्तमान तक एजेन्सी द्वारा अभी तक कम्पलीशन प्लान उपलब्ध नही कराया गया है जोकि अत्यन्त
खेदजनक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को तुरन्त कम्पलीशन प्लान उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया तथा निर्देशित किया
कि माह जून, जुलाई, अगस्त में क्रमशः 50 % , 75 % तथा शत्–प्रतिशत कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। एजेन्सी
द्वारा जिन पेयजल योजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण कर जलापूर्ति की जा रही है उन ग्रामों की सूची अधिशासी अभियन्ता/जिला
पंचायतराज अधिकारी फर्रूखाबाद को उपलब्ध कराते हुए हर घर जल प्रमाणीकरण की कार्यवाही करे तथा यदि कही पेयजल
निरर्थक/अनावश्यक बहाया जा रहा है तो अधीनस्थ अधिकारी/कर्मचारी के सहयोग से जन–मानस को जागरूक करे तथा
आवश्यकता पडने पर दण्डात्मक कार्यवाही भी की जाये।

7– जिलाधिकारी महोदय की दिनांक 07.06.2024 की समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता को अप्राप्त/विवादित भूमि को
उपजिलाधिकारी सदर/कायमगंज से समन्वय स्थापित कर निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया था। इस पर अधिशासी
अभियन्ता द्वारा बताया गया कि उपजिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर विवादित/अप्राप्त भूमि के निस्तारण करने हेतु
कार्यवाही की जा रही है।

8– जिलाधिकारी महोदय द्वारा विगत बैठक में कार्यदायी एजेन्सी को 15 दिवस के अन्दर निर्माण कार्यो में वांछित प्रगति लाने
हेतु निर्देशित किया था किन्तु वर्तमान तक निर्माण कार्यो में वांछित प्रगति नही लाई गई है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्माण कारी
एजेन्सी को त्वरित गति से मेन पॉवर बढाकर वांछित प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया।

9– जिलाधिकारी महोदय द्वारा विगत समीक्षा बैठक में गृह जल संयोजनों को घर के अन्दर देने एवं मानकानुसार ग्राउट/क्लेम्प
कराने हेतु तथा गुणवत्ता पूर्ण टैप लगाने हेतु निर्देशित किया गया था। इस पर एजेन्सी द्वारा अवगत कराया गया कि गृह जल
संयोजन को घर के अन्दर किया जा रहा है यदि ग्रामीणों द्वारा गृह जल संयोजन को बाहर लेने के लिए कहा जाता है
तभी ग्रामवासी की सहमति से गृह जल संयोजन किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा एजेन्सी को गुणवत्तापूर्ण टैप
लगाने हेतु निर्देशित किया तथा टी0पी0आई0 को गुणवत्ता सुनिश्चित कराने हेतु निर्देशित किया।

10– जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्व समीक्षा बैठक में टी0पी0आई0 को निर्माण कार्यो की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित
किया गया था। इस पर टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि निर्माण कार्यो को गुणवत्ता पूर्ण व मानकानुसार कराने हेतु
समय–समय पर योजनाओं पर जाकर निरीक्षण किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा टी0पी0आई0 को निर्माण कार्यो को
गुणवत्तापूर्ण एवं मानकानुसार कराने हेतु निर्देशित किया।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>
<u>प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
3. जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद।
6. जिला पंचायतराज अधिकारी, फर्रूखाबाद।
7. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्र0लि0 टी0पी0आई0, फर्रूखाबाद।
8. मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 डी0पी0एम0यू0, फर्रूखाबाद।
9. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
10. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजीनियर्स प्रा0लि0 जे0वी0, नोएडा।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति
फर्रूखाबाद

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner